BULANDSHAHR POLICE

दिनांक - 17 जुलाई, 2024 **थाना अनूपशहर**

नाबालिक लड़की को जलाकर जान से मारने का प्रयास करने वाले पिता व नाना अवैध असलहा कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 16.07.2024 को थाना अनूपशहर पर सूचना प्राप्त हुई कि मस्तराम घाट के पास एक लड़की को उसके परिवार वालो (पिता व नाना) द्वारा जलाया गया है तथा मृत समझकर छोड़कर भाग गये है। इस सूचना पर थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर लड़की को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा इस संबंध में थाना अनूपशहर पर मुअसं- 259/24 धारा 109 बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में आज दिनांक 17.07.2024 को थाना अनूपशहर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर पीड़िता के पिता रियासत व नाना रफ्फू को अवैध असलहा व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित कर्णवास मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना अनूपशहर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-

1- रियासत पुत्र सराफत खां निवासी राजौर थाना अनूपशहर जनपद बुलन्दशहर।

2- रफ्फू पुत्र अलाउद्दीन निवासी ग्राम ततीन सिहानी थाना लोहियानगर जनपद मेरठ।

बरामदगी-

1- 01 मोटरसाइकिल नं0 HR-51BC-9821 (घटना में प्रयुक्त)

2- 01 तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस

3- 01 चाकू नाजायज

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर प्रभारी निरीक्षक थाना अनूपशहर
2. उ0नि0 कुलदीप, उ0नि0 ऋषिपाल, उ0नि0 नरपाल
3. का0 रामपाल

मीडिया सेल बुलंदशहर